समाचार

बरपारा कोहड़िया, ढोढ़ीपारा सहित अन्य बस्तियों के लोगों ने फोरलेन को बताया एक बड़ी उपलब्धि

(ढोढ़ीपारा, कोहडिया सहित 13 स्थानों में बनेगी फोरलेन से बस्तियों के लिए एप्रोच रोड)

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया स्थल निरीक्षण, त्वरित रूप से कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश)

कोरबा 15 मार्च 2021 – निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के किनारे स्थित ढोढ़ीपारा, बरपारा, मानसनगर, कोहड़िया सहित अन्य बस्तियों के लोगों ने कहा है कि फोरलेन का निर्माण हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस मार्ग पर ज्यादा आवागमन होने व मार्ग सकरा तथा मोड़युक्त होने से दुर्घटनाएं होती थी, अब दुर्घटनाओं की संभावना नहीं रहेगी तथा आवागमन अत्यंत सुगम होगा। उन्होने कहा कि निगम द्वारा सभी बस्तियों के लिए एप्रोच रोड बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाना हैं, एप्रोच रोड बन जाने से हमारी बस्तियां सीधे फोरलेन से जुड़ जाएगी।

उक्त बातें बस्तीवासियों ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के निरीक्षण दौरे के दौरान कही। छ.ग.रा.वि. मं.चौक से ध्यानचंद चौक तक फोरलेन का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। फोरलेन सड़क के किनारे बसी हुई बस्तियों के नागरिकों को फोरलेन सड़क तक पहुंचने के लिए एप्रोच सड़कों के माध्यम से बस्तियों को जोड़ा जाएगा, निगम द्वारा ढोढ़ीपारा, बरपारा कोहड़िया, मानस नगर, फ्लाईएश प्लांट के पास, स्कूल के सामने तथा चारपारा सहित कुल 13 स्थानों पर एप्रोच रोड बनाई जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि उक्त एप्रोच सड़कों के निर्माण की निविदा आदि की कार्यवाही निगम द्वारा पूरी कर ली गई है एवं क्रमशः सभी एप्रोच सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। आज महापौर श्री प्रसाद ने विभिन्न स्थलों का दौरा कर स्थल का जायजा लिया तथा प्रस्तावित एप्रोच सड़कों का कार्य क्रमशः त्वरित रूप से प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने फोरलेन सड़क के शेष बचे निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति का अवलोकन किया, उन्होने मानस नगर के सामने प्रगतिरत निर्माण कार्य पर ट्रेफिक संकेतक

लगाने के निर्देश दिए ताकि आवागमन करने वाले लोगों को दूर से ही उक्त स्थल पर निर्माण कार्य प्रगति पर होने का पता चल सके।

फोरलेन हम सबसे के लिए बड़ी उपलब्धि –महापौर श्री प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि फोरलेन सड़क हम सबके लिए एक बड़ी उपलब्धि है, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने डी.एम.एफ. मद से इस सड़क के निर्माण को स्वीकृत दिलाई, आज यह सड़क मूर्त रूप से ले चुकी है, जो थोड़ा बहुत कार्य शेष है, वह शीघ्र पूरा होगा, अब कोरबा से दर्री तक का सफर अत्यंत सुगम हो जाएगा, इसके लिए मैं राजस्व मंत्री जी को धन्यवाद देता हूॅं। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि मेरे भ्रमण के दौरान बस्ती के लोगों ने फोरलेन निर्माण पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए एप्रोच रोड़ों के निर्माण शीघ्र कराए जाने का आग्रह किया, जिस पर उन्हें बताया गया कि फोरलेन से बस्तियों को जोड़ने के लिए 13 एप्रोच रोड बनाई जाएगी, जिनकी निविदा की कार्यवाही पूरी कर ली गई है तथा जल्द से जल्द इनका कार्य प्रारंभ होगा।

हम बस्तीवासियों को मिली फोरलेन की सुविधा, अब बनेगी एप्रोच रोड – इस अवसर पर ढोढ़ीपारा निवासी **श्रीमती शालू पनरिया** ने कहा कि निगम द्वारा हमारी बस्ती के सामने से फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जो हमारे लिए अत्यंत खुशी का विषय है। ढोढ़ीपारा बस्ती के अंदर आने–जाने के लिए वहां पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप से एप्रोच रोड बनने जा रही है, इस रोड के बनने से हमारा आवागमन सुगम हो जाएगा। इसी प्रकार ढोढ़ीपारा निवासी **श्री विधान साहू** ने कहा कि फोरलेन का निर्माण हम बस्तीवासियों के लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है, सड़क के साथ–साथ नाली का निर्माण भी हो रहा है, वहीं डिवाईडरों पर स्ट्रीट लाईट भी लगाई जाएगी, एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होने वाला है, मैं इसके लिए निगम को धन्यवाद देता हूॅं। वही बरपारा कोहड़िया निवासी **श्रीमती पुष्पा यादव** ने कहा कि बरपारा बस्ती के समीप सड़क पर पहले दुर्घटनाएं हो जाया करती थी, फोरलेन सड़क बन जाने से अब दुर्घटनाएं नहीं होगी, सड़क के साथ नाली भी बनाई जा रही है, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद लगातार यहां पर निरीक्षण के लिए आते हैं तथा ध्यान से हमारी समस्याएं सुनते हैं, उनका निराकरण कराते हैं, जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूॅं।

महापौर श्री प्रसाद के भ्रमण के दौरान अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, अभियंता लीलाधर पटेल एवं सोमनाथ डहरे, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधिगण, बस्तीवासी शालू पनरिया, विधानसाहू, पुष्पा यादव आदि के साथ बस्ती के अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।